For the first time ever, cities have been classified into five population-based categories: (1) Very Small Cities: < 20,000 population, (2) Small Cities: 20,000 – 50,000 population, (3) Medium Cities: 50,000 – 3 Lakh population, (4) Big Cities: 3 – 10 Lakh population and (5) Million-Plus Cities: > 10 Lakh population. Each category has been evaluated using parameters specifically tailored to its size and unique needs. Cleanest cities have been recognized and will be awarded within each category. This approach ensures that even smaller cities have the opportunity to shine and compete on a level playing field with the usual frontrunners.

****

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**The Statesman**	**Language**	English
Edition	Bengaluru	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	Online
CCM	N/A		

President Murmu to confer Swachh Survekshan 2025 awards on July 17

President Murmu to confer Swachh Survekshan 2025 awards on July 17

This year's award marks the ninth edition of the world's largest urban cleanliness survey.

The awards will be presented across four categories — Super Swachh League Cities, Top 3 clean cities in 3 population categories, Special Category: Ganga Towns, Cantonment Boards, Safai Mitra Suraksha, Mahakumbh, and State Level Awards — Promising clean city of State/UT.

A total of 78 Awards will be given, it added.

Swachh Survekshan, a landmark initiative under the SBM-U, has become a defining force in urban India's journey toward cleanliness — capturing hearts, shaping mind sets, and inspiring action for the past nine years.

Starting with 73 ULBs in 2016, the latest edition now encompasses over 4,500 cities.

Swachh Survekshan, the awards not only celebrate the top 'Swachh Shehar' but also recognise and encourage small cities showing strong promise and progress.

This year's awards spotlight the theme of Reduce, Reuse and Recycle.

Over 3,000 assessors conducted thorough inspections in every ward across the country over a period of 45 days. With an unwavering commitment to inclusivity and transparency, the initiative encompassed the assessment of over 11 lakh households — reflecting a comprehensive and far-reaching approach to understanding urban living and sanitation on a national scale, it said.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Flashnews.com**	**Language**	English
Edition	Bengaluru	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	Online
CCM	N/A		

President to Confer Swachh Survekshan 2024-25 Awards Recognizing India's Cleanest Cities

President to Confer Swachh Survekshan 2024-25 Awards Recognizing India's Cleanest Cities

The President of India, Smt. Droupadi Murmu, will present the prestigious Swachh Survekshan 2024-25 Awards at a national ceremony organized by the Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA) on 17th July 2025 at Vigyan Bhawan, New Delhi. The event will also be graced by Union Minister Shri Manohar Lal and Minister of State Shri Tokhan Sahu.

This marks the 9th edition of the Swachh Survekshan (SS), the world's largest urban cleanliness survey, conducted under the Swachh Bharat Mission-Urban (SBM-U). Since its inception in 2016 with just 73 Urban Local Bodies (ULBs), the initiative has grown exponentially, covering over 4,500 cities in its latest edition. The awards aim to honour and celebrate the outstanding efforts of cities that are spearheading urban cleanliness and sustainable sanitation practices across India.

The Swachh Survekshan 2024-25 Awards will be presented across four major categories:

1. Super Swachh League (SSL) Cities – featuring top-performing cities that have consistently ranked among the cleanest over the past three years.
2. Top 3 Clean Cities in 5 Population Categories – ensuring fair recognition for cities of all sizes.
3. Special Categories – acknowledging efforts in Ganga Towns, Cantonment Boards, Safai Mitra Suraksha, and Mahakumbh areas.
4. State-Level Awards – identifying the most promising clean city in each State or Union Territory.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Indtoday**	**Language**	English
Edition	Bengaluru	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	Online
CCM	N/A		

President Murmu to Confer Swachh Survekshan 2024-25 Awards on July 17 In Delhi

President Murmu To Confer Swachh Survekshan 2024-25 Awards On July 17 In Delhi

New Delhi/Hyderabad, July 15 (Maxim News): President of India, **Smt. Droupadi Murmu**, will present the **Swachh Survekshan 2024-25 Awards** at a national event organized by the **Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA)** on **July 17, 2025**, at **Vigyan Bhawan, New Delhi**. The ceremony will also be attended by Union Minister **Manohar Lal** and Minister of State **Tokhan Sahu**.

Here To Join Us On WhatsApp

The Swachh Survekshan Awards—now in their **9th edition**—represent the **world's largest urban cleanliness survey**, aimed at celebrating excellence and innovation in urban sanitation under the **Swachh Bharat Mission – Urban (SBM-U)**. This year's survey evaluated more than **4,500 cities** across India, highlighting not just established clean cities, but also emerging champions from smaller urban centers.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Pragativadi**	**Language**	English
Edition	Bengaluru	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	Online
CCM	N/A		

Swachh Survekshan 2025 Awards: President Murmu to Honour India's Cleanest Cities on July 17

Swachh Survekshan 2025 Awards: President Murmu to Honour India's Cleanest Cities on July 17

President of India, Smt. Droupadi Murmu will confer the prestigious Swachh Survekshan 2024–25 Awards at Vigyan Bhawan, New Delhi, on July 17.

The event, hosted by the Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA), will also witness the presence of Union Minister Sh. Manohar Lal and MoS Sh. Tokhan Sahu.

A total of 78 awards will be distributed across four categories, recognising cities that have demonstrated exceptional commitment to urban cleanliness and public engagement under the Swachh Bharat Mission–Urban (SBM-U).

Now in its 9th edition, Swachh Survekshan stands as the world's largest urban cleanliness survey. This year, over 14 crore citizens contributed their voices through face-to-face interactions, mobile platforms like the Swachhata App, MyGov, and social media, reflecting the scale and impact of the initiative.

The awards are segmented into four major categories:

1. **Super Swachh League (SSL)** – honouring consistently top-ranked cities
2. **Top 3 Clean Cities** – awarded across five population brackets
3. **Special Categories** – covering Ganga towns, Safai Mitra Suraksha, Cantonment Boards, and Mahakumbh hosts
4. **State-Level Recognition** – for promising clean cities from each State/UT

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Eastern Mirror**	**Language**	Kannada
Edition	Bengaluru	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	Online
CCM	N/A		

Swachh Survekshan 2024-25 Awards to be presented on July 17

Swachh Survekshan 2024-25 Awards to be presented on July 17

The Ministry of Housing and Urban Affairs has announced that the prestigious Swachh Survekshan 2024-25 Awards will be presented on July 17 at Vigyan Bhawan, New Delhi.

KOHIMA — The Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA) has announced that the prestigious Swachh Survekshan 2024-25 Awards will be presented on July 17, during a national ceremony at Vigyan Bhawan, New Delhi.

The awards will be conferred by the President of India, Droupadi Murmu, in the presence of Union Minister Manohar Lal and Minister of State for MoHUA Tokhan Sahu.

A total of 78 awards will be presented this year across four categories. The Swachh Survekshan is India's annual survey of cleanliness across villages, towns and cities. It may be mentioned that Nagaland was ranked 24th in the 'Best-Performing States' category at the 2023 edition of the awards. Dimapur was declared the "Clean City within Nagaland" with a population of more than one lakh, while Tuensang received the award for "Clean City within Nagaland" with a population of less than one lakh. Nagaland travel guide

According to Tuesday's announcement, this year's awards will cover categories such as the Super Swachh League, top three clean cities across five population groups, special categories for Ganga towns, cantonment boards, Safai Mitra Suraksha, Mahakumbh, and state-level awards recognising promising clean cities in each State and Union Territory.

Starting with 73 Urban Local Bodies (ULBs) in 2016, the latest edition of Swachh Survekshan now covers more than 4,500 cities. The Ministry stated that this year's edition not only celebrates the top-performing cities but also recognises smaller cities demonstrating strong progress and potential in maintaining cleanliness.

****

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	CT 1
CCM	N/A		

3-10 लाख जनसंख्या वर्ग वाले शहरों में मिलेगा चंडीगढ़ को स्वच्छता अवार्ड

3-10 लाख जनसंख्या वर्ग वाले शहरों में मिलेगा चंडीगढ़ को स्वच्छता अवार्ड

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में चंडीगढ़ को सुपर स्वच्छ लीग में स्थान मिला है। यह स्थान कौन सा होगा इसकी घोषणा 17 जुलाई को नई दिल्ली में होगी। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने चंडीगढ़ को इस कार्यक्रम में आकर अवार्ड लेने का आमंत्रण भेज दिया है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि चंडीगढ़ को कोई न कोई अच्छा रैंक जरूर मिला है।

सुपर स्वच्छ लीग के लिए भी जनसंख्या के हिसाब से श्रेणी निर्धारित की गई है। चंडीगढ़ को तीन से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में रखा गया है। चंडीगढ़ को यह सम्मान 17 जुलाई को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्यातिथि होंगी। उन्हीं के हाथों यह सम्मान मिलेगा। सम्मान लेने के लिए मेयर हरप्रीत कौर बबला के नेतृत्व में चंडीगढ़ की टीम जाएगी। जिसमें कमिश्नर सहित 10 अधिकारी एवं सफाई चैंपियन शामिल होंगे।

17 को रैंकिंग की घोषणा

- चंडीगढ़ का नाम सुपर स्वच्छ लीग में शामिल
- आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने चंडीगढ़ को भेजा निमंत्रण

विभिन्न मानकों पर परखने के बाद मिलती है रैंकिंग

स्वच्छ सर्वेक्षण को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ भारत शहरी मिशन के तहत 2016 से शुरू किया था। यह विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता और सफाई सर्वेक्षण है। इसमें शहरों का विभिन्न मानकों के आधार पर आंकलन करते हुए रैंक तय किया जाता है। इसमें अलग-अलग किए कचरे की डोर टू डोर कलेक्शन, जीरो वेस्ट इवेंट्स, दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में सुधार, डंपिंग साइट पर मौजूद डंप को खत्म करना जैसे मानक शामिल हैं। इन मानकों के आधार पर शहरों को नंबर मिलते हैं। उन्हीं नंबर से रैंकिंग बनती है।

चंडीगढ़ का एरियल व्यू • जागरण आर्काइव

डंपिंग साइट फिर कटवाएगी नंबर

डड्डूमाजरा स्थित डंपिंग ग्राउंड की वजह से पिछले वर्ष भी चंडीगढ़ के नंबर कटे थे। इस बार भी साइट पर बायो माइनिंग का काम पूरा नहीं होने से कचरे के पहाड़ हटे नहीं है। चंडीगढ़ के नंबर कटने की यही सबसे बड़ी वजह बन सकती है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आई टीम ने डंपिंग साइट का निरीक्षण भी किया था।

इंदौर, सूरत व नवी मुंबई जैसे 15 शहर स्वच्छता सुपर लगी में

स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे 15 शहरों को स्वच्छता सुपर लीग में रखा गया है। पहले इसमें दो साल टाप-3 में रहे शहर शामिल होते थे, अब अवधि बढ़ाकर तीन साल कर दी गई है। इस लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं होती, लेकिन इन्हें 12,500 अंकों की स्कीम के तहत अंक मिलेंगे। इससे अन्य शहरों को टाप रैंक पाने का ज्यादा मौका मिलेगा। बताया जा रहा है कि इंदौर, सूरत जैसे शहरों के हटने से अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ जैसे शहरों के टाप-3 में रह सकते हैं। हालांकि आधिकारिक घोषणा 17 जुलाई को ही होगी।

पिछले वर्ष 11वें स्थान पर रहा चंडीगढ़

2016 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद चंडीगढ़ को 73 शहरों में दूसरा स्थान मिला था। 2017 की रैंकिंग में 434 शहरों में 11वें स्थान पर रहा। 2018 में 4,203 शहरों के बीच तीसरे स्थान पर रहा। 2019 में इसकी राष्ट्रीय रैंकिंग गिरकर 20 हो गई। इसके बाद 2020 में सुधार के बाद चंडीगढ़ को 16वां रैंक मिला। 2021 में चंडीगढ़ की रैंकिंग फिर गिरी और 66वां स्थान मिला। वर्ष 2022 में सर्वेक्षण प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई। चंडीगढ़ को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग (जिसके परिणाम 11 जनवरी 2024 को घोषित किए गए) में एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में 11वां स्थान मिला। जो 2022 की रैंकिंग में 12वें अंक से एक अंक का सुधार हुआ।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**The Pioneer**	**Language**	English
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	3
CCM	N/A		

KARNAL & SONIPAT TO RECEIVE NATIONAL HONOURS IN SWACHH SURVEKSHAN ON JULY 17

be increased to 299 cusecs to meet future irrigation demands.

KARNAL & SONIPAT TO RECEIVE NATIONAL HONOURS IN SWACHH SURVEKSHAN ON JULY 17

Chandigarh: Haryana Urban Local Bodies Minister Vipul Goel on Tuesday said that the State has achieved a milestone in the field of cleanliness. In the Swachh Survekshan 2024–25, Karnal and Sonipat have been selected for national honours. The award ceremony will take place on July 17 at Vigyan Bhawan in New Delhi. The President of India, Droupadi Murmu, and Union Housing and Urban Affairs Minister Manohar Lal Khattar will present awards in various categories. Haryana will be represented by Chief Minister Nayab Singh Saini. Goel said that Karnal has earned a spot among the top 15 cleanest cities in the country, a proud moment for the entire state. Sonipat will be honoured with the prestigious Ministerial Award for cleanliness. These recognitions reflect Haryana government's consistent commitment and innovative efforts in taking forward the Swachh Bharat Mission, he said.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Ranghosh**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	3
CCM	N/A		

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान करेंगी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान करेंगी

रणघोष अपडेट. नई दिल्ली

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू की उपस्थिति में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान करेंगी।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 विश्व के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण का 9वां संस्करण है। यह ऐतिहासिक आयोजन स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) को आगे बढ़ाने वाले शहरों के अथक प्रयासों को मान्यता देते हुए शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को पुरस्कृत करेगा। इस वर्ष सुपर स्वच्छ लीग शहर, 5 जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष, स्वच्छ शहर, विशेष श्रेणी: गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ, राज्य स्तरीय पुरस्कार - राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का होनहार स्वच्छ शहर आदि चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण (एसएस), स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत एक ऐतिहासिक पहल है जो पिछले नौ वर्षों से शहरी भारत की स्वच्छता की यात्रा में एक निर्णायक शक्ति बन गई है और जन समर्थन से साथ लोगों की सोच को आकार देकर स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रही है। वर्ष 2016 में 73 शहरी स्थानीय निकायों से शुरू होकर, इसका नवीनतम संस्करण अब 4,500 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस वर्ष के पुरस्कार न केवल सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहरों को सम्मानित करते हैं, बल्कि प्रगति की मजबूत संभावनाओं वाले छोटे शहरों को भी मान्यता और प्रोत्साहन देते हैं।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार 'रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल' की थीम पर केंद्रित हैं। 3,000 से ज्यादा मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों की अवधि में देश भर के हर वार्ड में गहन निरीक्षण किया। समावेशिता और पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, इस पहल में 11 लाख से ज्यादा घरों का मूल्यांकन शामिल था - जो राष्ट्रीय स्तर पर शहरी जीवन और स्वच्छता को समझने के लिए एक व्यापक और दूरगामी दृष्टिकोण को दर्शाता है।वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण मूल्यांकन में 14 करोड़ नागरिकों ने प्रत्यक्ष संवाद, स्वच्छता ऐप, माईगव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भाग लिया था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शहरी स्वच्छता और सेवा वितरण का आकलन करने के लिए एक स्मार्ट, संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें 54 संकेतकों के साथ 10 सुपरिभाषित मापदंड शहरों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन का संपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों के लिए सुपर स्वच्छ लीग (एसएसएल) की शुरुआत कर रहा है। सुपर स्वच्छ लीग का उद्देश्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को स्वच्छता के ऊच्च मानकों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने के साथ ही अन्य शहरों को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने और शीर्ष रैंकिंग के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। सुपर स्वच्छ लीग में वे शहर शामिल हैं जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान पा चुके हैं और चालू वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 प्रतिशत में बने हुए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार, शहरों को जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है जिनमें (1) बहुत छोटे शहर: < 20,000 जनसंख्या , (2) छोटे शहर: 20,000 - 50,000 जनसंख्या , (3) मध्यम शहर : 50,000 - 3 लाख जनसंख्या , (4) बड़े शहर: 3 - 10 लाख जनसंख्या और (5) दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर : » 10 लाख जनसंख्या शामिल हैं । प्रत्येक श्रेणी का मूल्यांकन उसके आकार और विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप मानकों के आधार पर किया गया है। सबसे स्वच्छ शहरों को प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि छोटे शहरों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिले और वे हमेशा की तरह आगे रहने वाले शहरों के साथ समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	16/07/2025	**Page no**	4
CCM	N/A		

राष्ट्रपति के हाथों स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करेंगे नायब और विपुल

राष्ट्रपति के हाथों स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करेंगे नायब और विपुल

17 जुलाई को दिल्ली में समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़ : करनाल और सोनीपत शहरों को स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय सम्मान मिलने से राज्य सरकार काफी उत्साहित है। करनाल और सोनीपत के स्वच्छता माडल को राज्य के बाकी शहरों में भी अपनाया जाएगा। इसके लिए हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने विभागीय अधिकारियों को काम करने के आदेश दिए हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में करनाल और सोनीपत को मिले राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार 17 जुलाई को विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल विभिन्न श्रेणियों में यह पुरस्कार वितरित करेंगे। हरियाणा की ओर से इन दोनों पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल दिल्ली पहुंचेंगे।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि करनाल को देश के शीर्ष 15 स्वच्छ शहरों में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है जो प्रदेश के लिए गौरवमयी है। इसके अलावा सोनीपत को स्वच्छता के लिए मिनिस्ट्रियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने के लिए हरियाणा सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और नवाचारपूर्ण प्रयासों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। • जागरण

शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल • जागरण

विपुल गोयल के अनुसार हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जागरूकता, तकनीकी नवाचार और जमीनी स्तर पर प्रभावी काम किया है। इनके क्रियान्वयन के माध्यम से स्वच्छता अभियान को सशक्त किया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा 2025-26 के बजट में सभी नगरपालिकाओं और परिषदों को अत्याधुनिक मशीनरी जैसे वैक्यूम शकर, ट्री ट्रिमर, श्रेडिंग मशीन, स्वीपिंग मशीन, पैचवर्क मशीन, वाशिंग/स्प्रिंकलिंग यूनिट मुहैया कराने की योजना प्रस्तुत की गई थी। इन उपकरणों के उपयोग और क्रियान्वयन के प्रभावी प्रयासों ने राज्य की स्वच्छता स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

69 लाख टन कचरे का वैज्ञानिक निपटान, 109 एकड़ भूमि दोबारा मिली

शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल के अनुसार बीते 10 वर्षों में हरियाणा ने 75 पुराने डंपिंग ग्राउंड्स से 101 लाख टन कचरे में से लगभग 69 लाख टन कचरे का वैज्ञानिक निपटान कर 109 एकड़ भूमि को पुन: प्राप्त किया है। इस भूमि का उपयोग हरित क्षेत्रों, पार्कों और सामुदायिक सुविधाओं के विकास हेतु किया जा रहा है। हाल ही में विपुल गोयल ने वाराणसी स्थित एनटीपीसी के हरित कोयला संयंत्र का दौरा कर हरियाणा में ऐसे संयंत्रों की स्थापना को गति दी है। फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे शहरों से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट से 400-500 टन हरित कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण, ऊर्जा नवाचार और कचरा प्रबंधन में क्रांति लाई जा सकेगी।

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Aaj Samaj**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	1
CCM	N/A		

स्वच्छता सर्वे : अहमदाबाद देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित

भारत के वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश का लखनऊ 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा

स्वच्छता सर्वे : अहमदाबाद देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित

17 जुलाई को की जाएगी आधिकारिक घोषणा

नई दिल्ली। भारत के वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में गुजरात का अहमदाबाद शहर देश में सबसे स्वच्छ शहर बन गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ 44वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। दरअसल, केंद्र सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है और इसकी रिपोर्ट में उपरोक्त नतीजे सामने आए हैं। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान 17 जुलाई को परिणामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित करेंगी। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल नगर निगम को आमंत्रित किया गया है।

स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल 5वें स्थान से जंप कर देशभर में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गत वर्ष भोपाल 5वें नंबर पर था। भोपाल की प्रभावशाली प्रगति के बावजूद महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष यह सूरत और इंदौर जैसे शीर्ष-स्तरीय स्वच्छ शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा में नहीं था। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने सुपर स्वच्छता लीग नामक अलग श्रेणी बनाई जिसमें गत वर्षों में लगातार शीर्ष प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले 12 शहर शामिल थे। नतीजों से ठीक एक दिन पहले इस लीग में 3 और शहर जुड़ गए जिससे कुल 15 शहर हो गए। इंदौर, नवी मुंबई, सूरत और अन्य सुपर लीग शहरों का अलग से मूल्यांकन किया गया ताकि अन्य शहरों को मान्यता मिलने का बेहतर मौका मिले और स्वच्छता सुधार प्रयासों में व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके।

मध्य प्रदेश : देवास और शाहगंज भी राष्ट्रपति पुरस्कार की दौड़ में

भोपाल के साथ, देवास और शाहगंज भी राष्ट्रपति पुरस्कार की दौड़ में हैं। जबलपुर को मंत्री स्तरीय पुरस्कार के लिए आमंत्रित किया गया है, जबकि ग्वालियर को राज्य स्तर पर मान्यता दी जाएगी। सुपर स्वच्छता लीग में इंदौर, उज्जैन और बुदनी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उज्जैन मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह जिला है और बुदनी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का निर्वाचन क्षेत्र है।

अलग लीग के गठन का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ाना

श्रेणियों में फेरबदल और उच्च प्रदर्शन करने वाले शहरों के लिए एक अलग लीग के गठन का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ाना है जिससे अधिक शहरों को मान्यता प्राप्त करने और अपने स्वच्छता मानकों में सुधार करने का अवसर मिलेगा। बता दें कि लिस्ट में शीर्ष पर न आने या सुपर लीग में प्रवेश न करने के बावजूद मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का प्रदर्शन स्वच्छता प्रयासों में निरंतर प्रगति दर्शाता है।

****

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Amar Ujala**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	CT 1
CCM	N/A		

स्वच्छता रैंकिंग में चंडीगढ़ को 17 जुलाई को मिलेगा सम्मान

स्वच्छता रैंकिंग में चंडीगढ़ को 17 जुलाई को मिलेगा सम्मान

सम्मान लेने मेयर, आयुक्त समेत दस सदस्यीय दल जाएगा दिल्ली

चंडीगढ़। स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग 2024 में 3 से 10 लाख की जनसंख्या श्रेणी वाले शहरों में चंडीगढ़ को सम्मान मिलना तय है। यह सम्मान 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेगा। सम्मान लेने के लिए मेयर हरप्रीत कौर बबला, नगर आयुक्त अमित कुमार समेत 10 सदस्यीय टीम दिल्ली जाएगी।

नगर आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि अभी चंडीगढ़ को कौन सा रैंक मिला है, इसका एलान नहीं हुआ है। हालांकि, आवास एवं शहरी मंत्रालय से निमंत्रण आया है। चंडीगढ़ ने स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग 2024 में 3 से 10 लाख की जनसंख्या श्रेणी के तहत शहरों की प्रतिष्ठित सुपर स्वच्छ लीग में एक बार फिर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। चंडीगढ़ को साल 2023 में 11वां स्थान मिला था।

स्वच्छता रैंकिंग के पिछले कुछ साल का रिकॉर्ड देखे तो चंडीगढ़ का स्तर गिरा है। साल 2016 में चंडीगढ़ को 73 शहरों में दूसरा स्थान मिला था। 2017 में यह 434 शहरों में 11वें स्थान, 2018 में 4,203 शहरों में तीसरे, 2019 में 20वें, 2020 में 16वें, 2021 में 66वें स्थान पर रहा था। 2022 में यह सर्वेक्षण नहीं किया गया था। उसके बाद साल 2023 में 11वां स्थान आया था। 2024 में इस बार इंदौर, सूरत, नवी मुंबई समेत कई शहरों को इस सर्वे से बाहर रखा गया है। उम्मीद थी कि चंडीगढ़ टॉप 3 में आ सकता है लेकिन ऐसे आसार नहीं लग रहे हैं। ब्यूरो

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hindustan Times**	**Language**	English
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	CT 1
CCM	N/A		

UT bags spots in Super Swachh League, invited to Delhi award ceremony

{ SWACHH SURVEKSHAN 2024 RANKINGS OUT ON JULY 17 }

UT bags spots in Super Swachh League, invited to Delhi award ceremony

HT Correspondent
chandigarh@hindustantimes.com

CHANDIGARH : The City Beautiful has secured a place in the prestigious Super Swachh League among cities with a population between 3 and 10 lakh in the Swachh Survekshan 2024 rankings.

While the final rankings will be announced at the award ceremony scheduled on July 17 at Vigyan Bhawan, New Delhi, in the presence of the President of India, the Union ministry of housing and urban affairs (MoHUA) has sent invites to various cities, including Chandigarh, which will be honoured at the event.

A special group photograph with the President has been planned for delegates from each Super Swachh League city.

The city delegation, led by the mayor and comprising up to 10 key officials and sanitation champions, will represent Chandigarh at the national ceremony on July 17.

The Super Swachh League, a special category, has been introduced in the 2024 rankings to

recognise cities that demonstrate extraordinary performance in the field of sanitation. The league features cities that have ranked in the top three at least once in the last three years and in the top 20 of their respective population category in the current year's assessment.

"Chandigarh continues to set benchmarks in urban sanitation, reaffirming its status as one of India's cleanest and most sustainable cities. This recognition is a testament to the city's consistent top-tier performance in cleanliness and sanitation under the Swachh Bharat Mission," said mayor Harpreet Kaur Babla.

It is worth mentioning that Chandigarh was ranked the 11th cleanest among cities with more than 1 lakh population in the 2023 Swachh Survekshan rankings, results of which were announced on January 11, 2024. It was an improvement from the 2022 rankings, when it was ranked 12th in the same category.

Meanwhile, neighbouring Mohali and Panchkula have not received an invite for the Delhi ceremony.

In the 2023 Swachh Survekshan, Mohali had climbed 31 positions to secure the 82nd rank among cities with over one lakh population, improving from 113th place in 2022.

Panchkula's ranking in the 2023 assessment was 139th, a significant drop from its 86th position in 2022.

Swachh Survekshan, conducted by MoHUA under the Swachh Bharat Urban Mission since 2016, is the world's largest urban sanitation and cleanliness survey, in which cities are ranked on the basis of various parameters, including segregated door-to-door waste collection, zero waste events, disabled-friendly toilets, improved plastic waste management.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hari Bhoomi**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	2
CCM	N/A		

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : सोनीपत निगम को भी मिलेगा मिनिस्ट्रियल अवार्ड, करनाल देश के टॉप 15 शहरों में

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : सोनीपत निगम को भी मिलेगा मिनिस्ट्रियल अवार्ड, करनाल देश के टॉप 15 शहरों में

चंडीगढ़। केंद्र सरकार द्वारा देश के शहरों की स्वच्छता रैंकिंग के आकलन के लिए किये गए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के घोषित परिणामों में हरियाणा के करनाल शहर को देश के टॉप 15 शहरों में स्थान मिला है। इसके लिए करनाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 17 जुलाई को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करनाल नगर निगम को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह करनाल शहर के लिए ही नहीं बल्कि हरियाणा के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि प्रदेश का एक शहर देश के 15 स्वच्छ शहरों में शुमार हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से सोनीपत नगर निगम को उत्कृष्ट स्वच्छता कार्यों के लिए मिनिस्ट्रियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणामों में करनाल व सोनीपत की रैंकिंग, शहरों के विकास और स्वच्छता के प्रति हम सबकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि यह उपलब्धि हमारे शहरों को और भी स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी संकल्प है कि प्रदेश स्वच्छता के मामले में अव्वल बने।

■ 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी सम्मानित

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने दी जनता को बधाई

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में करनाल शहर का नाम शामिल हुआ है, जो कि हम सबके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने स्वच्छता में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी स्वच्छता को बरकरार रखने में जनता सहयोग करे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल दौरे के दौरान मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए करनाल के जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व जनता को बधाई दी।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Times Of India**	**Language**	English
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	13/07/2025	**Page no**	7
CCM	N/A		

Swachh survey: Karnal and Sonipat clinch top awards

Swachh survey: Karnal and Sonipat clinch top awards

Manvir.Saini
@timesofindia.com

Chandigarh: In what appears to be a major leap in Swachh Survekshan rankings for clean and sustainable cities, Karnal was able to bag the prestigious presidential award, and Sonipat got shortlisted for the ministerial award for the 2024 survey.

This came to light during the meeting of the Union ministry for urban development, attended by the ministers and administrative secretaries of urban local bodies departments of the state, held on Saturday.

Notably, Karnal parliamentary constituency is represented by Union minister Manohar Lal Khattar. While declaring the awards for Haryana, Union minister Khattar attributed the contribution to the state govt, administrative secretary Vikas Gupta, and district municipal commissioners of the state.

"These accomplishments are the result of months of dedicated efforts, innovative approaches, and unwavering commitment from all stakeholders. At the heart of this success lies the visionary leadership of Vikas Gupta, Commissioner & Secretary, ULB," said a senior official of the CMO.

Notably, while disclosing the achievements of the state, MULB also gave special recognition to Kanwar Singh, Joint Director (ULB), in charge of the Sanitation Branch. Officials said that tireless efforts, unwavering zeal, and relentless dedication over the past year turned vision into reality. His hands-on leadership and round-the-clock commitment were pivotal in driving this historic achievement.

"We are waiting for the complete list of awardees as well as the ranking by the govt. All this will be clear by the 18th, after the ministry holds the facilitation as well as the award ceremony," said Kanwar Pal, the joint director of ULB Haryana, while talking to TOI.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**City Darpan**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	3
CCM	N/A		

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर दी बधाई

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर दी बधाई

संवाददाता

चंडीगढ़,

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में करनाल शहर का नाम शामिल हुआ है, जो कि हम सबके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने स्वच्छता में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी स्वच्छता को बरकरार रखने में जनता सहयोग करे। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल रविवार को करनाल दौरे के दौरान मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए करनाल के जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व जनता को बधाई दी और कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार सफाई मित्रों द्वारा किए गए बेहतर कार्यों तथा नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले कई वर्षों से स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चल रहा है, जिसे थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा किया जाता है। उस एजेंसी से प्राप्त सूची तथा जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियां बनाई गई है जिसमें 10 लाख से ऊपर की जनसंख्या वाले शहर तथा दूसरी श्रेणी 10 लाख से 3 लाख तक की जनसंख्या वाली श्रेणी है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Aaj Samaj**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	1
CCM	N/A		

स्वच्छता सर्वे : अहमदाबाद देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित

भारत के वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश का लखनऊ 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा

स्वच्छता सर्वे : अहमदाबाद देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित

17 जुलाई को की जाएगी आधिकारिक घोषणा

नई दिल्ली। भारत के वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में गुजरात का अहमदाबाद शहर देश में सबसे स्वच्छ शहर बन गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ 44वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। दरअसल, केंद्र सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है और इसकी रिपोर्ट में उपरोक्त नतीजे सामने आए हैं। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान 17 जुलाई को परिणामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित करेंगी। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल नगर निगम को आमंत्रित किया गया है।

स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल 5वें स्थान से जंप कर देशभर में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गत वर्ष भोपाल 5वें नंबर पर था। भोपाल की प्रभावशाली प्रगति के बावजूद महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष यह सूरत और इंदौर जैसे शीर्ष-स्तरीय स्वच्छ शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा में नहीं था। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने सुपर स्वच्छता लीग नामक अलग श्रेणी बनाई जिसमें गत वर्षों में लगातार शीर्ष प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले 12 शहर शामिल थे। नतीजों से ठीक एक दिन पहले इस लीग में 3 और शहर जुड़ गए जिससे कुल 15 शहर हो गए। इंदौर, नवी मुंबई, सूरत और अन्य सुपर लीग शहरों का अलग से मूल्यांकन किया गया ताकि अन्य शहरों को मान्यता मिलने का बेहतर मौका मिले और स्वच्छता सुधार प्रयासों में व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके।

मध्य प्रदेश : देवास और शाहगंज भी राष्ट्रपति पुरस्कार की दौड़ में

भोपाल के साथ, देवास और शाहगंज भी राष्ट्रपति पुरस्कार की दौड़ में हैं। जबलपुर को मंत्री स्तरीय पुरस्कार के लिए आमंत्रित किया गया है, जबकि ग्वालियर को राज्य स्तर पर मान्यता दी जाएगी। सुपर स्वच्छता लीग में इंदौर, उज्जैन और बुदनी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उज्जैन मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह जिला है और बुदनी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का निर्वाचन क्षेत्र है।

अलग लीग के गठन का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ाना

श्रेणियों में फेरबदल और उच्च प्रदर्शन करने वाले शहरों के लिए एक अलग लीग के गठन का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ाना है जिससे अधिक शहरों को मान्यता प्राप्त करने और अपने स्वच्छता मानकों में सुधार करने का अवसर मिलेगा। बता दें कि लिस्ट में शीर्ष पर न आने या सुपर लीग में प्रवेश न करने के बावजूद मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का प्रदर्शन स्वच्छता प्रयासों में निरंतर प्रगति दर्शाता है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Uttam Hindu**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	3
CCM	N/A		

करनाल को मिला स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार

दैनिक उत्तम हिन्दू
स्थापना 1983
■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

करनाल को मिला स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार

विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता व निगमायुक्त डा. वैशाली ने दी बधाई

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

करनाल/डा. हरीश चावला/आशुतोष गौतम : करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा निगमायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने रविवार को, निगम के सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर समस्त नागरिकों को बधाई दी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आने वाली 17 जुलाई को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से भेंट किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में विधायक जगमोहन आनंद ने स्वच्छता के लिए मिलने जा रहे प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार को करनाल की जनता का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले स्वच्छता का मूल मंत्र देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देशवासियों को दिया गया था और अब आलम यह है कि वर्षों पहले जिस भारत देश की विदेशों में अस्वच्छ देश के रूप में गिनती होती थी, आज विश्व के कई मुल्क भारत में स्वच्छता के क्षेत्र में अपनाए जा रहे तौर-तरीकों को अपने यहां इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से देशवासियों को स्वच्छता के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। यहां तक कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए सफाई कर्ताओं के पांव धोकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए एक सर्वोच्च व अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया था। प्रेस वार्ता में विधायक ने प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने के लिए शहर के तमाम नागरिक, पार्षद और नगर निगम की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामना दी।

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की मुहिम शुरू कर देशवासियों से अपने-अपने क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया था। उसके अभूतपूर्व परिणाम आज सबके सामने हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान से अभिप्रेरित होकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय शहरी एवं आवासन मंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा में स्वच्छता का जन आंदोलन शुरू किया था। उससे प्रदेश को अब तक राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार हासिल हो चुके हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। महापौर ने कहा कि किसी भी शहर का विकास तब तक बेईमानी है, जब तक वह शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ नहीं होगा। स्वच्छता किसी पुरस्कार को पाने के लिए किए जा रहे प्रयास नहीं होते, अपितु यह एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को मिलने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार के क्षण हम सबका गौरव बढ़ाएंगे।

कैसे हुआ यह सम्भव- प्रेस वार्ता में महापौर ने बताया कि पिछले कई सालों से करनाल शहर में स्वच्छता के कार्यक्रम बड़ी तेजी से चल रहे हैं। डोर टू डोर कूड़ा उठान और गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग पृथक कर उसे सॉलिड वेस्ट प्लांट में पहुंचाना स्वच्छता के मानदंडों को प्राप्त करने के सबसे बड़े कारक हैं। इन प्रयासों से नागरिकों में जागरूकता भी आई है और अब स्थिति यह है कि शहर से प्रतिदिन एकत्र होने वाले कुल कूड़े का 50 प्रतिशत से अधिक सेग्रीगेशन हो रहा है। सेग्रीगेशन से सॉलिड वेस्ट प्लांट का उद्देश्य भी अब पहले से कहीं बेहतर हुआ है। मेयर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल के उस नजरिए की सराहना की, जिसमें उन्होंने करनाल शहर के विकास और इसे स्वच्छ बनाएं रहने के बारे में मार्गदर्शन करते रहते हैं। प्रैस वार्ता में भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी बृज गुप्ता, निगम पार्षद सुदेशी रानी, बेबी पाल, भूपेन्द्र नौतना, सुभाष चंद, अंकित तितौरिया, जोगिन्द्र शर्मा, संकल्प भंडारी, संजीव कुमार मेहता, मोनिक गर्ग, ईश गुलाटी, प्रियंका देवी, ममता देवी, हरजीत सिह लाड्डी संधू, राम सुधीर यादव, मोननीत पार्षद गौरव नागपाल, उमेश परोचा व विशेष वर्मा के अलावा अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार मौजूद रहे।

Punjab Edition
Jul 14, 2025 Page No. 3

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Punjab Kesari**	**Language**	Hindi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	3
CCM	N/A		

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : करनाल देश के टॉप-15 स्वच्छ शहरों में शामिल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : करनाल देश के टॉप-15 स्वच्छ शहरों में शामिल

■ सोनीपत नगर निगम को भी मिलेगा मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड, 17 को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

चंडीगढ़, 13 जुलाई (बंसल): केंद्र सरकार द्वारा देश के शहरों की स्वच्छता रैंकिंग के आंकलन के लिए किए गए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के घोषित परिणामों में हरियाणा के करनाल शहर को देश के टॉप 15 शहरों में स्थान मिला है। इसके लिए करनाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 17 जुलाई को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करनाल नगर निगम को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बताया कि यह करनाल शहर के लिए ही नहीं बल्कि हरियाणा के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि प्रदेश का एक शहर देश के 15 स्वच्छ शहरों में शुमार हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से सोनीपत नगर निगम को उत्कृष्ट स्वच्छता कार्यों के लिए मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणामों में करनाल व सोनीपत की रैंकिंग, शहरों के विकास और स्वच्छता के प्रति हम सबकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि यह उपलब्धि हमारे शहरों को और भी स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का भी संकल्प है कि हरियाणा प्रदेश न केवल गंदगी से मुक्त प्रदेश बने, बल्कि स्वच्छ राज्य भी बने।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सफाई मित्रों और नागरिकों को दी बधाई

चंडीगढ़, 13 जुलाई (बंसल): केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में करनाल शहर का नाम शामिल हुआ है, जो कि हम सबके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने स्वच्छता में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी स्वच्छता को बरकरार रखने में जनता सहयोग करे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल दौरे के दौरान मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए करनाल के जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व जनता को बधाई दी और कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार सफाई मित्रों द्वारा किए गए बेहतर कार्यों तथा नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग का प्रतिफल है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा किया जाता है। उस एजेंसी से प्राप्त सूची तथा जनसंख्या के आधार पर 5 श्रेणियां बनाई गई है जिसमें 10 लाख से ऊपर की जनसंख्या वाले शहर तथा दूसरी श्रेणी 10 लाख से 3 लाख तक की जनसंख्या वाली श्रेणी है। दूसरी श्रेणी में करनाल शहर का नाम शामिल है। पायलट प्रोजैक्ट के तौर पर देश के 100 शहरों को चुना गया था उनमें करनाल शहर भी शामिल था। स्मार्ट सिटी प्रोजैक्ट के तहत करनाल शहर में काफी काम हुआ है, लेकिन जो काम अधूरे रह गए थे, इन्हें पूरा करवाया जाएगा।

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Bharat Desh Hamara**	**Language**	Punjabi
Edition	Chandigarh	**Journalist**	
Date	14/07/2025	**Page no**	6
CCM	N/A		

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना जाना गौरव की बात

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना जाना गौरव की बात

करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता व निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी बधाई

करनाल, 13 जुलाई (संदीप रोहिला): करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने रविवार को, निगम के सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर समस्त नागरिकों को बधाई दी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आने वाली 17 जुलाई को नई दिल्ली के विज्ञान में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर से भेंट किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में विधायक जगमोहन आनंद ने स्वच्छता के लिए मिलने जा रहे प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार को करनाल की जनता का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले स्वच्छता का मूल मंत्र देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देशवासियों को दिया गया था और अब आलम यह है कि वर्षों पहले जिस भारत देश की विदेशों में अस्वच्छ देश के रूप में गिनती होती थी, आज विश्व के कई मुल्क भारत में स्वच्छता के क्षेत्र में अपनाए जा रहे तौर-तरीकों को अपने यहां इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से देशवासियों को स्वच्छता के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। यहां तक की उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए सफाई कर्तीओं के पांव धोकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए एक सर्वोच्च व अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया था। प्रैस वार्ता में विधायक ने प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने के लिए शहर के तमाम नागरिक, पार्षद और नगर निगम की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी बृज गुप्ता, निगम पार्षद सुदेशी रानी, बेबी पाल, भूपेन्द्र नौतना, सुभाष चंद, अंकित तितौरिया, जोगिन्द्र शर्मा, संकल्प भंडारी, संजीव कुमार मैहता, मोनिक गर्ग, ईश गुलाटी, प्रियंका देवी, ममता देवी, हरजीत सिंह लाड्डी संधू, राम सुधीर यादव, मोनजीत पार्षद गौरव नागपाल, उमेश परोचा व विशेष वर्मा के अलावा अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार मौजूद रहे।

17 जुलाई को मिलने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार के क्षण बढ़ाएंगे हम सबका गौरव : महापौर रेनू बाला गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की मुहिम शुरू कर देशवासियों से अपने-अपने क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया था। उसके अभूतपूर्व परिणाम आज सबके सामने हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान से अभिप्रेरित होकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में स्वच्छता का जन अंदोलन शुरू किया था। उससे प्रदेश को अब तक राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार हासिल हो चुके हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। महापौर ने कहा कि किसी भी शहर का विकास तब तक बेईमानी है, जब तक वह शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ नहीं होगा। स्वच्छता किसी पुरस्कार के पाने के लिए किए जा रहे प्रयास नहीं होते, अपितु यह एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को मिलने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार के क्षण हम सबका गौरव बढ़ाएंगे।

